# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# प्रान्तीय खण्ड,लोक निर्माण विभाग,बागेश्वर

Phone/Fax.No:- 05963-220006 Email ID:-pdpwdbgr@yahoo.in

पत्रांक 1602 / 25-प्र०-(?) दिनांक 22/07/2016

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी,
देहरादून।

विषयः-- **जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत पाण्डेखड़क–जिजोली राजकीय पोलिटेक्निक हेतु मोटर मार्ग निर्माण हेतु 0.957 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

संदर्भ-- आपका 3873/1जी0–FP/UK/Road/16300/2015 दिनांक 16.06.2016

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। शासन के पत्रांक स0 408/X-4-16/1(116)/2016 दिनांक 10.06.2016 द्वारा वॉछित अतिरिक्त सूचना बिन्दुवार निम्नवत प्रेषित की जा रही है--

1– ग्राम पंचायत दर्शानी/खडेरिया तहसील गरूड़, जिला–बागेश्वर के अनापत्ति प्रमाण पत्र में ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर किन्ही कारणों से छूट गये थे। वर्तमान में करा दिये गये हैं एवं प्रस्ताव में संलग्न कर दिया है।

2– मार्ग के संरेखण में बॉज वृक्ष प्रभावित होने की दशा में भारत सरकार के निर्देशानुसार वन संरक्षक के निरीक्षण की आवश्यकता का प्राविधान है जब प्रस्ताव ऑफ लाइन भेजे जाते थे तब प्रस्ताव विभाग द्वारा ऐसे प्रस्ताव में वन संरक्षक के हस्ताक्षर करवाये जाते थे। अब चूँकि प्रस्ताव जिला स्तरीय अधिकारियों के हस्ताक्षर उपरान्त ऑन लाइन किये जा रहे हैं, इस स्थिति में बॉज वृक्ष के पातन का प्रमाण पत्र वन संरक्षक द्वारा निरीक्षण उपरान्त अपनी संस्तुति सहित ऑन लाइन कर दिया जाता हैं। अतः वन संरक्षक द्वारा प्रेषित ऑन लाइन प्रपत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें।

3– विषयगत प्रस्ताव की प्रमाणित हार्ड कापी संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि प्रस्ताव पर शीघ्र ही सैद्वान्तिक स्वीकृति जारी करने की कृपा करें।

संलग्न– प्रस्ताव की हार्ड कापी।

भवदीय,

22/7

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 विभाग,
बागेश्वर।

पत्रांक / /तद्दिनांक

प्रतिलिपि

1– प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर को संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 विभाग,
बागेश्वर।